**फाइल सं. 21/1/2022 गो-1/2**

# कर्मचारी चयन आयोग

**दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल (ड्राइवर)-पुरुष परीक्षा, 2022: अनंतिम उत्तर कुंजियों के साथ अभ्यर्थियों के उत्तर-पत्रक को अपलोड करने के संबंध में।**

दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल (ड्राइवर)-पुरुष परीक्षा, 2022 के लिए देश भर के विभिन्न केंद्रों पर दिनांक 21.10.2022 को कंप्यूटर आधारित परीक्षा का आयोजन किया गया था।

2. अभ्यर्थियों के लिए अब अनंतिम उत्तर कुंजियों के साथ उत्तर-पत्रक नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी अपनी परीक्षा के अनुक्रमांक और पासवर्ड का उपयोग कर नीचे दिए गए लिंक पर "लॉग-इन" (login) कर सकते हैं।

3. अनंतिम उत्तर- कुंजियों के संबंध में कोई भी अभ्यावेदन, यदि है, तो दिनांक **04.11.2022 (सायं 04:00 बजे) से 07.11.2022 (सायं 04:00 बजे)** तक दावा किए गए प्रत्येक प्रश्न/उत्तर के लिए 100 रुपए का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दिनांक 07.11.2022 (सायं 04:00 बजे) के बाद प्राप्त किसी भी अभ्यावेदन पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

4. अभ्यर्थी नीचे दिये गए लिंक का उपयोग करके अनंतिम उत्तर कुंजियों के साथ अपने संबंधित उत्तर-पत्रक का प्रिंट आउट ले सकते हैं। अभ्यर्थियों के लिए यह सुविधा दिनांक **04.11.2022 (सायं 04:00 बजे) से 07.11.2022 (सायं 04:00 बजे)** की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगी।

अवर सचिव (गोपनीय-1/2)

दिनांक: 04.11.2022

**अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक, अनंतिम उत्तर-कुंजियां और अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का लिंक**

कर्मचारी चयन आयोग